बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.......................

पटना
दिनांक 16.10.2000

प्रेस विज्ञप्ति

आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार संघ भवन परिसर में बिहार प्रशासनिक सेवा के सदस्यों ने अपने आन्दोलन से संबंधित हड़ताल के 54वें दिन श्री डब्लू0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में सरकार एवं हड़ताल से विमुख कुछ सदस्यों की आत्म शुद्धि एवं सरकार को अपनी चट्टानी एकता का एहसास कराने के लिए सामूहिक उपवास का कार्यक्रम प्रातः 8.00 बजे से प्रारंभ किया गया है, जो दिनांक 17.10.2000 तक जारी रहेगा ।म आज के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया एवं अपनी जायज तथा स्वीकृत मांगों की पूर्ति होने तक आन्दोलन जारी रखने के संकल्प को दुहराया, चाहे इसके लिए जो भी कुर्बानी देनी पड़े ।

आज की बैठक में दिनांक 15.10.2000 को रांची के बिरसाडीह होटल में आयोजित बि.प्र.से. के क्षेत्रीय सम्मेलन में पारित निर्णय कि यह आन्दोलन झारखण्ड राज्य के दिनांक 15 नवम्बर 2000 को अलग अस्तित्व में आने के बाद भी जारी रहेगा, का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया तथा इसे समन्वित ढंग से चलाने हेतु श्री शाहदेव, अपर समाहर्त्ता, गुमला के नेतृत्व में गठित समन्वय समिति को भी अनुमोदित किया गया । इस बैठक में झारखण्ड राज्य के 18 जिलों के 150 (एक सौ पचास) से अधिक सदस्य उपस्थित थे । केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा उनके इस साहसिक निर्णय के लिए उस क्षेत्र के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई दिया गया एवं अंतिम दम तक हड़ताल में बने रहने का पुनः आह्वान किया गया । इस बैठक में लिए गए अन्य निर्णय के अनुसार संघ के ऐसे सदस्य जो प्रारंभ से हड़ताल में नहीं हैं या गुमराह होकर हड़ताल से वापस हुए हैं अथवा एक वर्ष से कम की सेवा रहने से दी गई छूट को समाप्त कर उन्हें भी हड़ताल में लौटाने के लिए बनाई गई सामाजिक बहिष्कार के

क्रमशः पेज - 2

प्रस्ताव को कार्यरूप देने का निर्देश दिया गया । केन्द्रीय कार्यकारिणी के इन प्रस्तावों का रांची की बैठक में एक स्वर से किये गये अनुमोदन के लिए भी धन्यवाद के साथ बधाई दी गई ।

झारखण्ड के नये राज्य सरकार एवं उसके आला पदाधिकारी को भी हड़ताल का प्रभाव महसूस कराने के संकल्प को भी सराहा गया एवं उसे अनुमोदित करते हुए श्री शाहदेव, अपर समाहर्त्ता, गुमला, संयोजक, एवं श्री अरविन्द कुमार सिंह, एवं समन्वय समिति के अन्य सदस्य श्री संजय कुमार, अंचल अधिकारी, रांची के प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की गई । अन्त में पुनः इन सदस्यों द्वारा संघ को दिए गए नई शक्ति के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अन्य जिला यूनिटों को भी तदनुसार अनुकरण करने का निदेश दिया गया ।

संघ एकता जिन्दाबाद ।

16/X/2000

(डब्लू0 एन0 सिंह)
अध्यक्ष

16.10.2000

(जी0 एल0 दास)
महासचिव

दिनांक : 16 / 10/2000

ज्ञापांक : 193

प्रतिलिपि : आकाशवाणी / दूरदर्शन / सभी इलेक्ट्रॉनिक मिडिया सर्विस / ब्यूरो चीफ यू0 एन0 आई0 / पी0 टी0 आई0 / एक्सप्रेस मिडिया सर्विस / समाचार सम्पादक सभी हिन्दी / अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रकाशन एवं प्रसारण हेतु प्रेषित ।

16.10.2000

(जी0 एल0 दास)
महासचिव